Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
NcertHelp
© www.ncerthelp.com

बी.जी.एस. इन्टरनेशनल पब्लिक स्कूल
द्वारका सैक्टर-5, नई दिल्ली
वार्षिक परीक्षा
सत्र 2012-2013

विषयः हिन्दी — समयः 3 घंटे
कक्षाः सात — पूर्णांकः 100

निर्देशः प्रश्न पत्र चार खण्डों में विभाजित है। सभी खण्ड करने अनिवार्य है।

## खण्ड-क (अपठित बोध)

प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर विकल्प में से छाँटकर लिखिए।

(क) हमारे देश के त्योहार चाहे धार्मिक दृष्टि से मनाए जा रहे हों या नए वर्ष के आगमन के रूप में, फसल की कटाई एवं खलिहानों के भरने की खुशी में हों या महापुरूषों की याद में, सभी अपनी विशेषताओं एवं क्षेत्रीय प्रभाव से युक्त होने के साथ ही देश की राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक एकता और अखंडता को मज़बूती प्रदान करते हैं। ये त्योहार जहां जनमानस में उल्लास, उमंग और खुशहाली भर देते हैं, वहीं हमारे अंदर देशभक्ति एवं गौरव की भावना के साथ-साथ विश्व बंधुत्व एवं समन्वय की भावना बढ़ाते हैं। इन त्योहारों के माध्यम से हमें यह भी शिक्षा मिलती है कि वास्तव में धर्मों का मूल लक्ष्य एक ही है। धर्म उस लक्ष्य तक पहुँचने के अलग-अलग तरीके हैं।

© www.ncerthelp.com

(क) सद्भावना और सद्विचार के द्वारा हम क्या कर सकते हैं? (5)
(i) धनवान हो जाएँगें।
(ii) प्रगति की और बढ़ेंगें।
(iii) गरीब हो जाएँगें।

(ख) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक सुझाइए।
(i) त्योहार
(ii) जन्मदिन
(iii) महापुरूष

(ग) त्योहार मानव के अंदर क्या भर देता है?
(i) उल्लास, उमंग और खुशहाली
(ii) रंग भर देता है।

Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
NcertHelp
© www.ncerthelp.com

(iii) अनाज भर देता है।

(घ) उपरोक्त गदयांश में धर्मों के कितने लक्ष्य पर प्रकाश डाला गया है ?
(i) एक
(ii) दो
(iii) तीन
(iv) चार

(ङ.) 'एकता' शब्द का विलोम है-
(i) अखंडता
(ii) एकमतता
(iii) अनेकता

(ख) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (5)

पेड़-पौधों के साथ मानव का बहुत पुराना संबंध है। वृक्षों के अभाव में जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। पेड़-पौधे मनुष्य की अनेक प्रकार की आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं। ये केवल सौंदर्य और सुरक्षा के साधन मात्र नहीं हैं अपितु हमारे जीवन दाता भी हैं। जिस प्रकार माता अपने बच्चों का पालन-पोषण करती है, वैसे ही पेड़-पौधे भी हमें शुद्ध वायु देकर जीवित रखते हैं। पेड़-पौधों से प्राप्त अनेक पदार्थों पर अनेक उद्योग-धंधे आश्रित रहते हैं। ये वातावरण को शुद्ध करने के साथ-साथ प्रदूषण भी रोकते हैं।

दुर्भाग्यवश जिस प्रकार वनों को काटा जा रहा है, उसके कारण सूखा, बाढ़, भूकंप जैसी प्राकृतिक विपत्तियों का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय संस्कृति में तो अनेक वृक्षों को पवित्र माना गया है। वृक्षों के महत्व को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार ने वन महोत्सव का कार्यक्रम प्रारंभ किया है जो प्रतिवर्ष जुलाई माह में मनाया जाता है।

(क) वनों के काटने से क्या दुष्परिणाम हो रहे हैं?
(i) महँगाई का बढ़ना
(ii) भारतीय संस्कृति पर प्रभाव पड़ना
(iii) सूखा, बाढ़, भूकंप आदि विपत्तियों में तीव्रता

(ख) वन महोत्सव कब मनाया जाता है?
(i) अगस्त में
(ii) दिसंबर में
(iii) जुलाई में



Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
NcertHelp
© www.ncerthelp.com

(ग) हमारे जीवन दाता हैं-
(i) मनुष्य
(ii) सौंदर्य
(iii) पेड़-पौधे

(घ) वातावरण को शुद्ध करने में किसका हाथ है?
(i) जानवरों का
(ii) मनुष्यों का
(iii) पेड़-पौधों का

(ङ.) 'आश्रित' शब्द का विलोम होगा-
(i) आकर्षित
(ii) निराकर्षित
(iii) निराश्रित

प्रश्न.2 निम्नलिखित पद्यांशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर विकल्प में से चुनिए- (5)

(क) माँ, ये लहरें भी गाती हैं
कल-कल, छल-छल, के मधुर स्वर में
अपना गीत सुनाती हैं।
मैं कब से बुला रही इनको
पर मेरे पास नहीं आतीं
तट तक आकर फिर भाग जातीं
मैं चलूँ, साथ खेलूँ इनके
देखो ये मुझे बुलाती हैं।
माँ! ये लहरें भी गाती हैं।

(क) लहरें क्या और किस प्रकार सुनाती हैं?
(i) कल-कल मधुर गीत
(ii) कटुवचन
(iii) मधुभाषा

(ख) कौन किसे बुला रहा है?
(i) माँ बच्चे को
(ii) कवि लहरों को
(iii) गीत हमको



Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
NcertHelp
© www.ncerthelp.com

(ग) लहरें तट पर क्या करने आती हैं?
(i) घूमने
(ii) खेल-खेलने
(iii) विश्राम करने

(घ) कवि का मन क्या करने के लिए उत्सुक है?
(i) उड़ने के लिए
(ii) गाने के लिए
(iii) लहरों के साथ खेलने के लिए।

(ड.) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक बताइए।
(i) कवि
(ii) लहरें
(iii) खेल

(ख) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर विकल्प में से चुनिए-

विहग, बंदी और चारण
गा रहे हैं कीर्ति-गायन
छोड़कर मैदान भागी,
तारकों की फौज सारी।
आ रही रवि की सवारी।
चाहता, उछलूँ विजय कह,
पर ठिठकता देखकर यह
रात का राजा खड़ा है,
राह में बनकर भिखारी।
आ रही रवि की सवारी।

(क) विहग, बंदी और चारण क्या गा रहे हैं? (5)
(i) कीर्ति-गायन
(ii) मधुर गायन
(iii) अपयश गायन

(ख) मैदान छोड़कर कौन भागा?
(i) भारतीय फौज़
(ii) तारकों की फौज़
(iii) बच्चों की फौज़



Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
NcertHelp
© www.ncerthelp.com

(ग) कवि क्या चाहता है?
(i) राह में भिखारी बनना
(ii) फौज़ी बनना
(iii) विजय देख कर उछलना

(घ) 'रवि' शब्द का अर्थ है-
(i) सूरज
(ii) चाँद
(iii) तारा

(ङ) उपरोक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए-
(i) आ रही रवि की सवारी
(ii) जा रही रवि की सवारी
(iii) खा रही रवि की सवारी

## खण्ड - ख (व्यावहारिक व्याकरण)

प्रश्न.3 (क) निम्नलिखित शब्दों के उचित उपसर्ग लगाकर मिलान करिए- (4)

| | | |
|---|---|---|
| (i) | दुर् | परास्त |
| (ii) | प्र | तिराहा |
| (iii) | परा | दुरात्मा |
| (iv) | भर | संचय |
| (v) | ति | प्रशासन |
| (vi) | सम् (सं) | भरपेट |
| (vii) | ति | दुमंजिला |
| (viii) | दु | तिपहिया |

(ख) दिए गए शब्द में प्रयुक्त उचित प्रत्यय पर (√) लगाइए- (3)

(क) चढ़ावा
(i) लावा (ii) आवा (iii) नावा

(ख) पठन
(i) अन (ii) पठ (iii) ठन

(ग) मथनी
(i) मथ (ii) नी (iii) ई



Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
NcertHelp
© www.ncerthelp.com

(ग) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ का सही विकल्प चुनिए- (3)

(i) इधर-उधर की हाँकना

(क) बहुत चतुर होना (ख) बहुत गप्पें करना

(ग) इनकार करना

(ii) दाँत खट्टे करना

(क) चुगली करना (ख) कष्ट देना

(ग) बुरी तरह हराना

(iii) कान खड़े होना

(क) चौकन्ना होना (ख) कष्ट देना

(ग) बुरी तरह हराना

(घ) निम्नलिखित लोकोक्तियों का सही अर्थ के साथ मिलान करिए- (4)

| लोकोक्तियाँ | अर्थ |
|---|---|
| (i) साँच को आँच नहीं | बुरों के साथ बुराई ही मिलती है। |
| (ii) खिसियानी बिल्ली खंभा नोचें | जो मनुष्य सच्चा होता है, उसे डर नहीं होता। |
| (iii) कोयले की दलाली में मुँह काला | मूर्ख गुणों की महिमा नहीं जानते |
| (iv) बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद | किसी बात पर लज्जित होकर क्रोध करना |

(ङ) निम्नलिखित विकल्पों में से शुद्ध वाक्य छाँटिए। (3)

(i) (क) मुगल गार्डन में अनेक गुलाब खिला है।

(ख) मुगल गार्डन में अनेक गुलाब खिले हैं।

(ग) मुगल गार्डन में अनेकों गुलाब बिखरे हैं।

(ii) (क) मुझे गृहकार्य करना था, आज।

(ख) मुझे गृहकार्य आज करना था।

(ग) मुझे आज गृहकार्य करना था।

(iii) (क) तेरे को तो कुछ भी नहीं आता।

(ख) तुझे को तो कुछ भी नहीं आता।

(ग) तुम्हें तो कुछ भी नहीं आता।

(च) निम्नलिखित संधि विच्छेदों की उचित संधि चुनिए- (3)

भौ + उक



Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
NcertHelp
© www.ncerthelp.com

(क) भौतिक (ख) भावुक (ग) भाउक

(2) रवि + इंद्र

(क) रवींद्र (ख) रविंद्र (ग) रावेन्द्र

(3) महा + ईश्वर

(क) महीश्वर (ख) महेश्वर (ग) महाश्वर

## खण्ड – ग (साहित्य)

प्रश्न.4 निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (4)

(क) स्वामी की दादी किसमें डूबी हुई थीं?
(i) सोच में (ii) चिंता में (iii) अज्ञान के अंधकार में

(ख) राणा को स्कूल में क्या कह कर पुकारते थे?
(i) तेंदुलकर (ii) क्रिकेटर (iii) गांगुली

(ग) पाठ 'गिल्लू' में मोटर दुर्घटना में कौन घायल हुआ था?
(i) गिल्लू (ii) लेखिका (iii) कौए

(घ) 'एक तिनका' कविता के कवि कौन हैं?
(i) महादेवी वर्मा (ii) मुंशी प्रेमचंद (iii) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

प्रश्न.5 दिए गए वाक्यों में सही के सामने √और गलत के सामने χका निशान लगाइए- (4)

(क) गांधी जी ने कहा अक्षर ज्ञान तो इसलिए होता है कि जो कुछ तुम्हें मिला है, उसे तुम दूसरों को दे सको। [ ]

(ख) हिंदी और अंग्रेज़ी विषय बड़ी उम्र में सीखना कठिन है। [ ]

(ग) गिलहरी के बच्चे को सब 'गिल्लू' कहकर बुलाते थे। [ ]

(घ) गिलहरियों के जीवन की अवधि एक वर्ष से अधिक नहीं होती। [ ]

प्रश्न.6 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए- (6)

(i) मनकों (ii) ऐंठ
(iii) उद्घाटन (iv) सब्ज़बाग
(v) उदारता (vi) स्वर्गिक

प्रश्न.7 निम्नलिखित गद्यांशों मे से किसी एक को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए (5)



Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
NcertHelp
© www.ncerthelp.com

एक बात मैं कहना चाहता हूँ कि आमोद-प्रमोद एक निश्चित आयु तक ही शोभा देते हैं। बारह वर्ष की उम्र के बाद बच्चों में ज़िम्मेदारी और कर्त्तव्य का भाव होना चाहिए। उन्हें अपने आचार-विचार में सत्य और अहिंसा के प्रयोग की चेष्टा करनी चाहिए। और यह वे भार समझकर नहीं करें बल्कि एक आनंद का अनुभव करते हुए करें। यह आनंद कृत्रिम भी नहीं होना चाहिए। यह सरल और स्वाभाविक होना चाहिए। मैं जब तुमसे काफी छोटा था, तो मुझे स्वयं अपने पिताजी की सेवा करने में बहुत आनंद मिलता था। बारह वर्ष की आयु के बाद, आमोद-प्रमोद का बहुत ही कम बल्कि नहीं के समान ही अवसर मुझे मिला है।

(1) बारह वर्ष की आयु के बाद बच्चों में क्या होना आवश्यक है?
(2) लेखक को क्या करने में बहुत आनंद आता था?
(3) 'कृत्रिम' शब्द का एक पर्यायवाची शब्द लिखिए।
(4) 'आमोद-प्रमोद' शब्द का अर्थ लिखिए।
(5) उपर्युक्त गद्यांश में किस व्यक्ति के बारे में चर्चा की गई है?

अथवा (OR)

लाडली उनका अभिप्राय समझ न सकी। उसने काकी का हाथ पकड़ा और ले जाकर जूठे पत्तलों के पास बैठा दिया। काकी पत्तलों से पूड़ियों के टुकड़े चुन-चुनकर खाने लगी। ओह दही कितना स्वादिष्ट था, कचौड़ियाँ कितनी सलोनी, खस्ता कितनी सुकोमल। काकी बुद्धिहीन होते हुए भी इतना जानती थीं कि मैं वह काम कर रही हूँ जो मुझे कदापि नहीं करना चाहिए। मैं दूसरों की जूठी पत्तल चाट रही हूँ। परंतु बुढ़ापा तृष्णा रोग का अंतिम समय है, जब संपूर्ण इच्छाएँ एक ही केन्द्र पर आ लगती हैं। बूढ़ी काकी में यह केन्द्र उनकी स्वादेंद्रियाँ थीं।

(1) लाडली कौन थी? (5)
(2) 'तृष्णा' शब्द का अर्थ लिखिए?
(3) काकी के अनुसार उन्हें कदापि क्या नहीं करना चाहिए था?
(4) उपरोक्त गद्यांश के लेखक का नाम लिखिए।
(5) 'स्वादेंद्रियाँ' शब्द का अर्थ लिखिए।

प्रश्न.8 निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी एक को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

मैं घमंडो में भरा ऐंठा हुआ, (5)
एक दिन जब था मुंडेरे पर खड़ा।
आ अचानक दूर से उड़ता हुआ,
एक तिनका आँख में मेरी पड़ा।



Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
NcertHelp
© www.ncerthelp.com

मैं झिझक उठा, हुआ बेचैन-सा,
लाल होकर आँख भी दुखने लगी।
मूँठ देने लोग कपड़े की लगे,
ऐंठ बेचारी दबे पाँवों भगी।

(1) ऐंठ शब्द का यहाँ क्या अर्थ है?
(2) कवि कहाँ पर खड़ा था?
(3) इस कविता के कवि का नाम लिखिए।
(4) कवि के अनुसार घमंड दूर करने के लिए क्या काफी है?
(5) 'ऐंठ' कैसे भागी?

अथवा (OR)

मोको कहाँ ढूँढे बंदे, मैं तो तेरे पास में।
ना मैं देवल ना मैं मसजिद, ना काबे कैलास में।
ना तो कौने क्रिया करम में, नहीं योग बैराग में।
खोजी होय तो तुरतै मिलिहौं, पल भर की तालास में।

(1) उपरोक्त पंक्ति के कवि का नाम बताइए। (1)
(2) कवि के अनुसार ईश्वर कहाँ मिलेंगें? (1)
(3) कवि के अनुसार भगवान कहाँ ढूँढनें पर नहीं मिलेंगें? (2)
(4) 'काबा' शब्द का यहाँ क्या अर्थ है? (1)

प्रश्न.9 निम्नलिखित कथन किसने, किससे कहे- (4)
(1) 'हाँ! साल भर पहले तक मैं क्रिकेट खेला करता था।'
(2) 'क्या तुम्हारी अम्माँ ने दी है?'
(3) 'लड़के को चिढ़ाओ मत। वह मुझे कितना प्यार करता है।'
(4) 'क्या अब नहीं खेलते?'

प्रश्न.10 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त में लिखिए- (10)
(क) 'दादी तो अज्ञान के अंधकार में डूबी हुई है?' इस कथन का आशय लिखो।
(ख) गाँधी जी के अनुसार मणिलाल की शिक्षा कैसे पूरी हो रही थी ?
(ग) फाइनल मैच के अभ्यास के दौरान राणा क्यों छाया रहा ?
(घ) महादेवी के खाने के कमरे में पहुँचने पर गिल्लू क्या करता था ?
(ङ) नींद से उठकर रूपा ने क्या देखा?



Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
NcertHelp
© www.ncerthelp.com

प्रश्न.11 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए- (12)

(क) महादेवी जी दवारा लिफाफे में बंद किए जाने पर गिल्लू क्या करता था ?

(ख) कृष्ण अपनी माता यशोदा से किस की शिकायत कर रहे हैं?

(ग) फाइनल मैच के उद्घाटन के समय राणा का उत्साह और भी बढ़ गया। क्यों?

(घ) काकी को किस सुगंध ने बेचैन कर दिया। उन्होंनें पूड़ियों को लेकर क्या-क्या कल्पना की?

## खण्ड - घ (लेखन)

प्रश्न.12 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए- (5)

मनीआर्डर गुम हो जाने की शिकायत करते हुए डाकपाल को एक पत्र लिखिए।

अथवा (OR)

पुस्तकालय में हिंदी की पुस्तकें मँगवाने के लिए प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या को आवेदन पत्र लिखिए।

प्रश्न.12 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए (5)

(क) बाल श्रम

संकेत बिंदु - बाल मजदूरों की संख्या में वृद्धि
बाल श्रमिक शिक्षा से वंचित
बाल श्रम में कैसे कमी करें

© www.ncerthelp.com

(ख) हिंदी - हमारी राष्ट्रभाषा

संकेत बिंदु - हिंदी दिवस कब मनाया जाता है?
हिंदी को राष्ट्रभाषा का गौरव दिलाने में स्वतंत्रता सेनानियों की अहम भूमिका
केवल कागज़ों में हिंदी राष्ट्रभाषा।



Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12